प्रतिबंधित संचलन
खंड– 4 अंक–122 दिनांक– 22/02/2019

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

सीआरपीएफ जवानों ने मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली के लिए किया रक्तदान

दयालुता की एक कार्रवाई में रमन, सउनि पंकज शर्मा, हवलदार बिचित्र कुमार स्वैन और सिपाही बीरबहादुर यादव ने एक महिला नक्सली की जान बचाने के लिए रक्तदान किया जो 14 फरवरी को झारखंड के जिला सिंहभूम में एक मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गई थी।

माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें नक्सल कैंप को तबाह कर दिया गया और विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया व बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक घायल महिला मिली जिसके शरीर से काफी रक्त बह रहा था।

माओवादियों ने गोमिया में पुल बनाने वाली फॉर्म की गाड़ियां जलाई

मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो के नेतृत्व में माओवादियों के एक सशस्त्र गुट ने 20 फरवरी 2019 की रात को गोमिया ब्लॉक में थाना छत्रोचाटी के अंतर्गत लोधी और कोडवा गांवों के बीच बन रहे पुल निर्माण साइट पर वाहनों और उपकरणों को आग लगा दी। यह घटना झुमरा पहाड़ी की तलहटी में हुई जब सुरक्षा बलों ने 15–20 माओवादियों के एक गुट को पकड़ने के लिए धरपकड़ तेज़ कर दी।